# लोक शिक्षण संचालनालय
# छत्तीसगढ़

इन्द्रावती भवन खण्ड तीन–प्रथम तल, नवा रायपुर अटल नगर
फोन नम्बर– 0771–2331385, फैक्स नम्बर– 0771–2445215, ई–मेल– cg.dpi.dir@gmail.com

क्रमांक/शा.शि./05/डीपीएड/बीपीएड/प्रवेश/2025–26/1144 नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 14.05.2025

**प्रति,**

समस्त जिला शिक्षा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ ।

**विषयः–** शिक्षा सत्र 2025–26 में शासकीय शारीरिक शिक्षा प्रशिक्षण महाविद्यालय पेण्ड्रा जिला गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही में बी.पी.एड./डी.पी.एड. पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु विभागीय उम्मीदवारों का चयन विषयक् ।

–0–

शिक्षा सत्र 2025–26 में शासकीय शारीरिक शिक्षा प्रशिक्षण महाविद्यालय पेण्ड्रा जिला गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही में बी.पी.एड./डी.पी.एड. पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के अन्तर्गत शासकीय स्कूलों में कार्यरत् इच्छुक नियमित सहायक शिक्षकों/सहायक शिक्षक (एल.बी.)/सहायक शिक्षक पंचायत से आवेदन पत्र प्राप्त कर उपयुक्त कर्मचारियों का चयन किया जाना है जिसके लिए निम्नानुसार दिशा निर्देश जारी किये जा रहे हैं:–

**1– उपलब्ध स्थान**

| क्रमांक | पाठयक्रम | उपलब्ध स्थान | |
|---|---|---|---|
| 1 | डी.पी.एड. (द्विवर्षीय पाठ्यक्रम) | पुरूष– 10 | महिला– 05 |
| 2 | बी.पी.एड. (द्विवर्षीय पाठ्यक्रम) | पुरूष– 05 | महिला-- 05 |

**टीपः–** विभागीय उम्मीदवार उपलब्ध न होने पर निर्धारित सीटों में परिवर्तन सम्भावित है।

**2– प्रशिक्षण की अवधि**

शिक्षा सत्र में प्रशिक्षण दिनांक 01 जुलाई, 2025 से 30 अप्रैल, 2027 तक होगा।
(दो शैक्षणिक वर्ष)

**3– चयन हेतु आवश्यक अर्हतायें**

**(अ)– शैक्षणिक योग्यता–** **डी.पी.एड.** हेतु हायर सेकेण्डरी परीक्षा 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण होना अनिवार्य है तथा **बी.पी.एड.** हेतु स्नातक में 50 प्रतिशत अंकों के साथ डी.पी.एड. उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। साथ ही एन.सी.टी.ई के द्वारा निर्धारित अर्हता मान्य की जावेगी।

**(ब)– सेवाकाल–** दिनांक 01 जुलाई 2025 को न्यूनतम सेवाकाल 3 वर्ष पूर्ण होना चाहिए।

**(स)– आयु सीमा–** दिनांक 01 जुलाई, 2025 को न्यूनतम आयु 18 वर्ष पूर्ण होना चाहिए ।

**(द)– शारीरिक क्षमता–** शारीरिक रूप से स्वस्थ होना चाहिए ताकि सक्षमतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त कर सके ।

**(इ)– अन्य–** व्यायाम, खेलकूद एवं शारीरिक शिक्षा की गतिविधियों में रूचि हो ।

**4– शुल्क**

प्रशिक्षण अवधि में शासन द्वारा निर्धारित दर अनुसार सम्बंधित को शिक्षण तथा अन्य शुल्क देना होगा।

**5– आवेदन की प्रकिया**

संलग्न निर्धारित प्रारूप के अनुरूप पूर्णरूप से भरे गये आवेदन पत्र अपने कार्यालय प्रमुख के माध्यम से सम्बंधित जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में 10 **जून 2025** तक प्रस्तुत करने होंगे। सम्बंधित जिला शिक्षा अधिकारी अपने कार्यालय में प्राप्त आवेदन पत्रों का परीक्षण कर 16 **जून 2025** तक प्राचार्य शासकीय शारीरिक शिक्षा प्रशिक्षण महाविद्यालय पेण्ड्रा जिला गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही को भेजना सुनिश्चित करेंगे एवं इसकी सूचना लोक शिक्षण संचालनालय छ.ग. को भी देना सुनिश्चित करेंगे। संलग्न निर्धारित प्रारूप के अनुरूप पूर्णरूप से भरे गये आवेदन पत्र ही मान्य किये जायेंगे।

**आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित प्रमाण पत्रों की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें:–**

1– हायर सेकेण्डरी/स्नातक उत्तीर्ण प्रमाण पत्र ।
2– छत्तीसगढ़ का मूल निवासी प्रमाण पत्र
3– खेलकूद से सम्बंधित प्रमाण पत्र
4– एन.सी.सी/योगा/एन.एस.एस/स्काउट एवं गाइड/शारीरिक दक्षता अभियान/जूनियर रेडक्रास आदि के प्रमाण पत्र।

6— **चयन समिति**

चयन समिति निम्नानुसार रहेगीः—

| | | |
|---|---|---|
| 1 | संचालक लोक शिक्षण<br>अथवा उनके प्रतिनिधि | — अध्यक्ष |
| 2. | जिला शिक्षा अधिकारी<br>जिला गौरेला—पेण्ड्रा—मरवाही | — सदस्य |
| 3. | प्राचार्य शासकीय शारीरिक शिक्षा<br>प्रशिक्षण महाविद्यालय,पेन्ड्रा जिला गौरेला—पेण्ड्रा—मरवाही | — सदस्य सचिव |

7— **चयन प्रकिया**

समिति के अध्यक्ष की अनुमति से चयन कार्य सम्पादन हेतु विशेषज्ञों का साक्षात्कार एवं व्यावहारिक परीक्षण हेतु आवश्यकतानुसार सहयोग ले सकेंगे। चयन समिति द्वारा विभागीय उम्मीदवारों का चयन साक्षात्कार एवं प्रायोगिक कियाकलाप में अर्जित अंकों की वरीयता के अनुसार किया जावेगा ।

**अ— चयन स्थल एवं चयन की तिथि**

| चयन स्थल | चयन तिथि | अभ्यर्थी |
|---|---|---|
| शासकीय शारीरिक शिक्षा प्रशिक्षण महाविद्यालय,पेन्ड्रा जिला गौरेला—पेण्ड्रा—मरवाही (छ.ग.) | **26 जून 2025** | पुरूष वर्ग/ महिला वर्ग |

**ब— चयन हेतु मापदण्ड**

शासकीय शारीरिक शिक्षा प्रशिक्षण महाविद्यालय, पेन्ड्रा जिला गौरेला—पेण्ड्रा—मरवाही में प्रवेश हेतु निम्नानुसार कियाकलाप में अंक निर्धारित है—

| कमांक | इवेन्ट्स | अंक |
|---|---|---|
| 1 | 100 मीटर दौड़ | 100 |
| 2 | 800 मीटर दौड़ | 100 |
| 3 | लम्बी कूद | 100 |
| 4 | ऊँची कूद | 100 |
| 5 | गोला फेंक | 100 |
| 6 | मौखिक साक्षात्कार | 40 |
| 7 | शैक्षणिक एवं पाठ्येत्तर गतिविधियों के अभिलेख | 60 |
| 8 | दीर्घ खेल कौशल परीक्षण—फुटबाल,बास्केटबॉल,किकेट,हॉकी,जूडो,कुश्ती | 100 |
| 9 | लघु खेल कौशल परीक्षण— कबड्डी, खो—खो, व्हालीबॉल, हैण्डबॉल, टेबल, टेनिस, बैडमिंटन | 100 |
| | **योग—** | **800** |

**टीप** :—

1— दीर्घ खेल कौशल में तथा लघु खेल कौशल में अंकित खेलों में से अभ्यार्थियों को एक—एक खेल का चयन कर खेल कौशल का परीक्षण देना अनिवार्य है ।

2— अभ्यार्थी के आवेदन पत्र में सरल कमांक 14 एवं 15 में रूचि अनुसार दीर्घ/लघु खेल को अनिवार्य रूप से अंकित किया जावे ।

3— चयन प्रकिया में सबसे पहले प्रमाण पत्रों तथा अभिलेखों की जॉच के उपरान्त शारीरिक क्षमता परीक्षण होगा और अंत में प्रत्याशियों को समिति के समक्ष साक्षात्कार देना होगा। यदि प्रत्याशी शारीरिक क्षमता परीक्षण तथा खेल कौशल परीक्षण में असफल रहते हैं तो उन्हें मौखिक साक्षात्कार का अवसर नहीं दिया जायेगा।

4— चयन समिति द्वारा महिला व पुरूषों की अलग—अलग चयन सूची तैयार कर अनुशंसा सहित संचालक लोक शिक्षण छ.ग. को भेजा जायेगा। अनुमोदित चयन सूची प्राचार्य शारीरिक शिक्षा प्रशिक्षण महाविद्यालय पेन्ड्रा जिला— गौरेला—पेण्ड्रा—मरवाही को भेजी जायेगी। प्राचार्य उक्त सूची के आधार पर प्रत्याशियों को प्रवेश देने की कार्यवाही करेंगे। विवाद की स्थिति में संचालक लोक शिक्षण छ.ग. का निर्णय अंतिम होगा।

**संचालक**
**लोक शिक्षण छत्तीसगढ़**

पृष्ठां.क./शा.शि./05/डीपीएड/बीपीएड/प्रवेश/2025–26/1145 नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 14.05.2025

**प्रतिलिपिः—**

1— अवर सचिव, छ.ग.शासन, स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर की ओर सूचनार्थ प्रेषित है।

2— समस्त संयुक्त संचालक,संभागीय कार्यालय छत्तीसगढ की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

3— प्राचार्य, शासकीय शारीरिक शिक्षा प्रशिक्षण महाविद्यालय,पेन्ड्रा जिला गौरेला—पेण्ड्रा—मरवाही की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित कर निर्देशित किया जाता है कि समय—सीमा में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की जावें।

**संचालक**
**लोक शिक्षण छत्तीसगढ़**

# आवेदन पत्र का प्रारूप

(विभागीय कर्मचारियों हेतु)

प्रति,

जिला शिक्षा अधिकारी,

जिला ..............................

आवेदक यहाँ पासपोर्ट साइज फोटो चिपकायें

1— पाठ्यक्रम ( बी.पी.एड. / डी.पी.एड.) का नाम..................................................

2— आवेदक का पूरा नाम ..............................................................................

3— पिता / पति का नाम ..............................................................................

4— लिंग (पुरूष / महिला) ..............................................................................

5— जाति ..............................................................................

(अनु जा. / अनु.ज.जा. / अन्य पिछड़ा वर्ग / सामान्य)

6— स्थायी पता ..............................................................................

..............................................................................

7— पत्र व्यवहार का पता ..............................................................................

..............................................................................

8— जन्म तिथि (अंको में) ..............................................................................

(शब्दों में) ..............................................................................

9— शैक्षणिक योग्यता

| क. | परीक्षा का स्तर | बोर्ड / विश्वविद्यालय का नाम | अंतिम परीक्षा उत्तीर्ण करने का वर्ष | श्रेणी | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हायर सेकेण्डरी | | | | |
| 2 | स्नातक उपाधि | | | | |
| 3 | अन्य | | | | |

10— शासकीय सेवा में प्रथम नियुक्ति तिथि ..........................पद का नाम ..................................................

11— वर्तमान में कार्यरत संस्था का नाम ..............................................................................

12— खेलकूद / योगा / एन.सी.सी. / एन.एस.एस / स्काउट / गाइड आदि में यदि प्राप्त प्रमाण पत्र हो तो संलग्न करें ।

13— अन्य कोई विशेष योग्यता हो तो संलग्न करें ..............................................................................

14— दीर्घ खेल कौशल का नाम 1.................................... 2................................ 3..............................

15— लघु खेल कौशल का नाम 1.................................... 2................................ 3..............................

स्थान ............................

दिनांक...............................

हस्ताक्षर

आवेदक का नाम ..................................................

पूरा पता..................................................

..................................................

..................................................

मो.नंम्बर ..................................................